# रक्षा लेखा नियंत्रक का कार्यालय, गुवाहाटी
## उदयन विहार, नारंगी , गुवाहाटी- 781171

ई-मेल cda-guw@nic.in फोन/फ़ैक्स : 0361-2640204/2640810


### महत्वपूर्ण परिपत्र सं.- 42

सं. प्रशा./1 बी/033ए/सीवीसी/आदेश/जि-6 दिनांक :21/10/2014

विषय : सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2014 का पालन ।

---------------------------------

केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार रक्षा लेखा नियंत्रक गुवाहाटी के कार्यालय परिसर में दिनांक 27 अक्तूबर, 2014 से 01 नवंबर, 2014 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2014 का पालन किया जाएगा । इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह के पालन का विषयवस्तु "भ्रष्टाचार का मुक़ाबला- प्रोद्योगिकी एक संबल स्वरूप" होगा । सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2014 का पालन दिनांक 27 अक्तूबर, 2014 को प्रातः 11.00 बजे शपथ ग्रहण के साथ प्रारम्भ होगा । (प्रति संलग्न)

सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2014 का पालन उचित तरीके से करने के लिए मुख्य कार्यालय, र.ले.नि. गुवाहाटी में निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा ।

- पोस्टर / बैनर प्रतियोगिता : मुख्य कार्यालय, र.ले.नि.गुवाहाटी के प्रशा/1 बी अनुभाग द्वारा दिनांक 24.10.2014 तक इच्छुक अधिकारियों और कर्मचारियों से सतर्कता / भ्रष्टाचार-विरोधी दृष्टिकोण से पोस्टर / बैनर आमंत्रित किए जाते हैं ।
- वाद-विवाद प्रतियोगिता : दिनांक 28.10.2014 को प्रातः 11 बजे र.ले.नि. गुवाहाटी के सामुदायिक भवन में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसका विषय होगा - "भ्रष्टाचार कानूनी मामला नहीं बल्कि एक नैतिक विषय है" ।
- भाषण प्रतियोगिता : दिनांक 29.10.2014 को प्रातः 11 बजे र.ले.नि. गुवाहाटी के सामुदायिक भवन में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसका विषय होगा - "सुशासन, नीति और पारदर्शिता: ।
- निबंध लेखा प्रतियोगिता : दिनांक 29.10.2014 को प्रातः 11 बजे र.ले.नि. गुवाहाटी के सम्मेलन कक्ष में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसमें निम्नलिखित दो विषयों में से किसी एक पर निबंध लिखा जाएगा :

  1 भ्रष्टाचार उन्मूलन में नागरिकों की भूमिका ।

  2 भ्रष्टाचार की चुनौतियों का मुक़ाबला करने के लिए सूचना-प्रोद्योगिकी एक साधन ।

जारी पृ./2...

चारों प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को क्रमशः रु.1000/-, रु.500/- और रु.300/- का नकद पुरस्कार दिया जाएगा । पुरस्कार वितरण गणतन्त्र दिवस अर्थात 26 जनवरी, 2015 को किया जाएगा ।

मुख्य कार्यालय, र.ले.नि. गुवाहाटी और स्थानीय अधीनस्थ कार्यालयों के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे उपरोक्त गतिविधियों में भाग लेकर इसे भव्य रूप से सफल बनाए । इच्छुक प्रतिभागी दिनांक 24.10.2014 तक मुख्य कार्यालय, र.ले.नि. गुवाहाटी के प्रशा/1 बी अनुभाग को अपने नामांकन प्रेषित कर सकते हैं ।

इसके अतिरिक्त, र.ले.नि. गुवाहाटी संगठन के सभी अधीनस्थ कार्यालयों से भी यह अनुरोध है कि वे दिनांक 27 अक्तूबर, 2014 को प्रातः 11 बजे कार्यालय प्रमुख द्वारा शपथ ग्रहण करते हुए दिनांक 27 अक्तूबर, 2014 से 01 नवंबर, 2014 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2014 के पालन के दौरान इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन करें ।

प्रत्येक स्तर पर उपयुक्त जवाबदेही के लिए पारदर्शिता और सुस्पष्ट प्रणाली सुनिश्चित करने हेतु सभी संबंधितों से अनुरोध है कि वे सभी स्तर पर पूर्ण सत्यनिष्ठता बरते ।

प्रीतम दत्ता

(प्रीतम दत्ता)
उप नियंत्रक (प्रशा.)

1. रक्षा लेखा अपर नियंत्रक
2. मु.का. र.ले.नि. गुवाहाटी के सभी समूह अधिकारी
3. सभी व.ले.अ./ले.अ./हि.अ.
4. मुख्य कार्यालय के सभी अनुभाग
5. र.ले.नि. गुवाहाटी के सभी अधीनस्थ कार्यालय (प्रोफॉर्मा संख्याबल सहित)
6. र.ले.नि. के वै.स.
7. र.ले.नि.(सी.स.) गुवाहाटी

## प्रतिज्ञा

हम, भारत के लोक सेवक, सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञा करते हैं कि हम अपने कार्यकलापों के प्रत्येक क्षेत्र में ईमानदारी और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहेंगे । हम यह प्रतिज्ञा भी करते है कि हम जीवन के प्रत्येक क्षेत्र से भ्रष्टाचार उन्मूलन करने के लिए निर्बाध रूप से कार्य करेंगे । हम अपने संगठन के विकास और प्रतिष्ठा के प्रति सचेत रहते हुए कार्य करेंगे । हम अपने सामूहिक प्रयासों द्वारा अपने संगठनों को गौरवशाली बनाएंगे तथा अपने देशवासियों को सिद्धान्तों पर आधारित सेवा प्रदान करेंगे । हम अपने कर्त्तव्य का पालन पूर्ण ईमानदारी से करेंगे और भय अथवा पक्षपात के बिना कार्य करेंगे ।

## PLEDGE

WE, THE PUBLIC SERVANTS OF INDIA, DO HEREBY SOLEMNLY PLEDGE THAT WE SHALL CONTINUOUSLY STRIVE TO BRING ABOUT INTEGRITY AND TRANSPARENCY IN ALL SPHERES OF OUR ACTIVITIES. WE ALSO PLEDGE THAT WE SHALL WORK UNSTINTINGLY FOR ERADICATION OF CORRUPTION IN ALL SPHERES OF LIFE. WE SHALL REMAIN VIGILANT AND WORK TOWARDS THE GROWTH AND REPUTATION OF OUR ORGANISATION. THROUGH OUR COLLECTIVE EFFORTS, WE SHALL BRING PRIDE TO OUR ORGANISATIONS AND PROVIDE VALUE BASED SERVICE TO OUR COUNTRYMEN. WE SHALL DO OUR DUTY CONSCIENTIOUSLY AND ACT WITHOUT FEAR OR FAVOUR.